1164

#2019/00572
113/2019

# FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत-- **अपीलीय अधि0 एवं जिला कलक्टर** मुकाम **अजमेर**

अमित कुमार जैन **बनाम** लोक सूचना अधि0 एवं उपखण्ड अधिकारी, अजमेर

किस्म मुकदमा–सूचना का अधिकार अधि.–2005 **प्रकरण संख्या** 113 सन् 2019

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में ... |
|---|---|---|
| 4/12/19 | पत्रावली पेश हुई। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी अजमेर से प्राप्त टिप्पणी का अपील मीमो एवं अपीलान्ट के प्रा0पत्र दिनांक 25.11.2019 के अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलान्ट/प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन बाबत बिन्दुवार सूचना/प्रत्युत्तर, पत्र दिनांक 23.09.2019 से प्रेषित किया गया है। तत्पश्चात प्रेषित टिप्पणी दिनांक 19.11.2019 की प्रति भी अपीलान्ट को प्रेषित की गई है। बिन्दु संख्या 04 की वांछित सूचना, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क–1) विभाग राजस्थान, जयपुर तथा 01 एवं 03 की सूचना प्रमुख शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जी–3/1 राजस्थान, जयपुर से सम्बन्धित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत उन्हें हस्तान्तरित किया गया है। तदनुसार कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील, अपीलान्ट इसी स्तर पर इसी कदर से निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हों।<br>(हस्ताक्षर)<br>(विश्व मोहन शर्मा)<br>जिला कलक्टर, अजमेर | 4111-13<br>23/12/19 |

न्यायालय जिला कलक्टर अजमेर

Scanned by CamScanner